डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर

डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड

नई दिल्ली, 22.09.15

प्रेस रिलीज़

डीएफसीसीआईएल की नौवीं वार्षिक आम बैठक संपन्न

डीएफसीसीआईएल के बोर्ड सदस्यों की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) दिनांक 21.09.2015 को कंपनी के नई दिल्ली स्थित मुख्यालय पर हुई। इस बैठक में डीएफसीसीआईएल के कामकाज और प्रबंध संबंधी मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता रेलवे बोर्ड एवं डीएफ़सीसीआईएल के अध्यक्ष श्री ए के मित्तल ने की। बैठक में डीएफसीसीआईएल के प्रबंध निदेशक एवं अन्य निदेशकों, शेयरधारकों, कंपनी सचिव, वैधानिक लेखा-परीक्षक एवं अन्य सदस्यों ने भाग लिया।

डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (डीएफसीसीआईएल) रेल मंत्रालय के अधीन स्थापित एक विशेष प्रयोजन संस्था है। डीएफसीसीआईएल पहले चरण में पूर्वी और पश्चिमी कोरीडोरों के नियोजन, निर्माण, परिचालन और रख-रखाव का कार्य कर रही है। 1840 किलोमीटर लंबा पूर्वी कोरीडोर पंजाब के लुधियाना से पश्चिम बंगाल के दानकुनी के बीच बनाया जा रहा है। वहीं उत्तर प्रदेश के दादरी से मुंबई स्थित जवाहर लाल नेहरू पोर्ट के बीच बन रहे पश्चिमी कोरीडोर की लंबाई 1502 किलोमीटर है।

संलग्न- वार्षिक आम बैठक की तस्वीरें

प्रकाशनार्थ/प्रसारणार्थ

राजेश खरे
उप-महाप्रबंधक
जन संपर्क
डीएफसीसीआईएल
0971763688
सोशल मीडिया पर हमसे जुड़ें- www.facebook.com/dfccil.india, www.twitter.com/dfccil_india